1364

महानगर लखनऊ–226006
फोन : 0522–2337452
फैक्स नं0: 0522–2337453
सीयूजी : 9454400167
Email:sec1pachq.lu@up.gov.in

# पीएसी मुख्यालय
## उत्तर प्रदेश

पत्रांकःपीएसी–1–152(2)2025(2)/186
दिनांकः फरवरी 12 ,2026

## आदेश

पुलिस महानिरीक्षक, ''स्थापना'' उ0प्र0 के पत्र संख्याः दस–329/2025(अधियाचन–1015)/109 दिनांकः 17.11.2025 द्वारा प्राप्त उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ के पत्र संख्याःपीआरपीबी–तीन–5(01)/2025 दिनांक 10.11.2025 के साथ संलग्न सूची में अंकित उत्तर प्रदेश प्रादेशिक आर्म्ड कान्स्टेबुलरी अधीनस्थ अधिकारी सेवा नियमावली, 2015 में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत ज्येष्ठता के आधार पर अनुपयुक्तों को छोड़ते हुये मुख्य आरक्षी पीएसी के पद पर पदोन्नति हेतु चयन वर्ष 2025 की रिक्ति के सापेक्ष कुल 990 आरक्षी उपयुक्त पाये गये हैं। इनमें से माह जनवरी 2026 की 23 रिक्तियों के सापेक्ष तात्कालिक प्रभाव से निम्नलिखित आरक्षी पीएसी/सशस्त्र पुलिस/बिगुलर/डी0आर0 को उनकी वर्तमान नियुक्ति की वाहिनी/जनपद/इकाई में मुख्य आरक्षी पीएसी/सशस्त्र पुलिस के पद पर पदोन्नति प्रदान की जाती हैः–

| क्र0 सं0 | वरिष्ठता क्रमांक | पीएनओ | कार्मिक का नाम | पिता का नाम | नियुक्ति स्थान | चयन वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1782 | 060470603 | नजर मोहम्मद | वशीर अहमद | 08 वीं वाहिनी बरेली | 2025 |
| 2 | 1783 | 060481737 | महेश कुमार | स्व0 श्री मंगल | श्रावस्ती | 2025 |
| 3 | 1784 | 060470919 | मो0 शहजाद | मो0 आफाक | 08 वीं वाहिनी बरेली | 2025 |
| 4 | 1785 | 060452766 | श्याम नारायण सरोज | वंश राज सरोज | 04वीं वाहिनी प्रयागराज | 2025 |
| 5 | 1786 | 060501312 | संतोष कुमार गौड | श्री रामपृक्ष गौड | सीतापुर | 2025 |
| 6 | 1788 | 060470342 | सुनील कुमार | भगवन्त सिंह | शाहजहॉपुर | 2025 |
| 7 | 1789 | 060460455 | सचिन कुमार | श्री शौकेन्द्र कुमार | कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर | 2025 |
| 8 | 1790 | 060490562 | सुरेन्द्र कुमार यादव | वीरवल यादव | बस्ती | 2025 |
| 9 | 1791 | 060502067 | जयवीर सिंह पाल | श्री रामदास पाल | कमिश्नरेट कानपुर नगर | 2025 |
| 10 | 1792 | 060560621 | संजीव कुमार | श्री अमरनाथ | 12वी वाहिनी फतेहपुर | 2025 |
| 11 | 1795 | 060481157 | जितेन्द्र सिरोही | श्री विक्रम सिंह | मु0नगर | 2025 |
| 12 | 1798 | 061861855 | राकेश कुमार यादव | सुवेदार यादव | कमिश्नरेट लखनऊ | 2025 |
| 13 | 1799 | 060470876 | नाजिर उस्मानी | जाफर अली | शाहजहॉपुर | 2025 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | 1800 | 060582182 | सुधीर सिंह | स्व0 श्री राम प्रवेश सिंह | बहराइच | 2025 |
| 15 | 1801 | 060520555 | सतेन्द्र कुमार गौतम | कोमल प्रसाद गौतम | फिरोजाबाद | 2025 |
| 16 | 1802 | 061750409 | कमलेश कुमार | श्री कल्लूराम | कमिश्नरेट कानपुर नगर | 2025 |
| 17 | 1804 | 060570042 | देवेन्द्र कुमार दूबे | श्री रमायण दूबे | 26वीं वाहिनी गोरखपुर | 2025 |
| 18 | 1805 | 060582313 | राकेश सिंह | श्री राज रोशन सिंह | महराजगंज | 2025 |
| 19 | 1806 | 060570257 | अरविन्द कुमार | श्री बिहारी राम | 26वीं वाहिनी गोरखपुर | 2025 |
| 20 | 1808 | 060580955 | श्याम बदन गुप्ता | श्री राम हरख गुप्ता | संतकबीरनगर | 2025 |
| 21 | 1809 | 060440929 | पदमाकर मिश्रा | श्री शारदा प्रसाद मिश्रा | पीटीएस सुलतानपुर | 2025 |
| 22 | 1810 | 061862193 | धर्मेंद्र कुमार | श्री विन्ध्याचल राम | 20वीं वाहिनी आजमगढ़ | 2025 |
| 23 | 1811 | 060490878 | अशोक कुमार | श्री फौजदार | अयोध्या | 2025 |

2— उक्त आरक्षी पीएसी/सशस्त्र पुलिस अपने वर्तमान नियुक्ति स्थान वाहिनी/जनपद/इकाई/कमिश्नरेट में पदोन्नति पर कार्यभार ग्रहण करेगें। यदि किसी कर्मी के नियुक्ति का स्थान स्थानान्तरण के कारण परिवर्तित हो गया हो तो उक्त कर्मी को उसके वर्तमान नियुक्ति स्थान पर कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा तथा इस मुख्यालय को सूचित किया जायेगा।

3— पदोन्नत मुख्य आरक्षियों को पदोन्नति की तिथि से 2 वर्ष के लिए परिवीक्षा पर रखा जायेगा, जिसे उत्तर प्रदेश प्रादेशिक आर्म्ड कान्स्टेबुलरी अधीनस्थ अधिकारी सेवा नियमावली, 2015 के अनुसार बढ़ाया जा सकता है। परिवीक्षा अवधि के दौरान परिवीक्षाधीन व्यक्ति से ऐसा प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपेक्षा की जाएगी जैसा कि विभागाध्यक्ष द्वारा विहित किया जाय। प्रशिक्षण के सम्बन्ध में पृथक से अवगत कराया जायेगा ।

4— पदोन्नति पर कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व सम्बन्धित आरक्षियों से संलग्न प्रारूप (क) में स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र लेकर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि शासनादेश संख्याः 13/21/89–का–1–1997 दिनांकः28.05.1997 के खण्ड–2 में दी गयी निम्नलिखित 03 परिस्थितियॉ विद्यमान न हों:–

(क) यदि कार्मिक निलम्बित चल रहा है,

(ख) यदि कार्मिक के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही या प्रशासनाधिकरण की कार्यवाही लम्बित है, जिसके लिये आरोप–पत्र जारी किया जा चुका है ।

(ग) यदि आपराधिक आरोप के आधार पर कार्मिक के विरूद्ध अभियोजन की कार्यवाही लम्बित है अर्थात न्यायालय में अभियोजन हेतु आरोप–पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है ।

5— यदि स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र में अथवा अभिलेखों में प्रस्तर–4 में अंकित परिस्थितियॉ विद्यमान नहीं है तो सम्बन्धित आरक्षी पीएसी/सशस्त्र पुलिस को मुख्य आरक्षी पीएसी/सशस्त्र पुलिस के पद पर कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा। यदि स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र में अथवा अभिलेखों में प्रस्तर–4 में अंकित परिस्थितियॉ विद्यमान पायी जाती है तो सम्बन्धित कर्मी के पदोन्नति के आदेश का क्रियान्वयन न कराया जाये तथा सम्पूर्ण तथ्यों सहित आख्या पीएसी मुख्यालय को उपलब्ध कराते हुये निर्देश प्राप्त किया जायेगा ।

6— यदि सम्बन्धित आरक्षी पीएसी/सशस्त्र पुलिस द्वारा स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र में अंकित कोई तथ्य असत्य अथवा छिपाया हुआ पाया जाता है तो सम्बन्धित आरक्षी के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराये जाने की कार्यवाही उस वाहिनी/जनपद/इकाई द्वारा की जायेगी, जिस वाहिनी/जनपद/इकाई में सम्बन्धित आरक्षी द्वारा स्वहस्ताक्षरित घोषणा-पत्र प्रस्तुत किया गया है। साथ ही प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति सहित सम्बन्धित कर्मी को पदावनत किये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही हेतु सम्पूर्ण तथ्य/अभिलेख पीएसी मुख्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा। पदोन्नति प्राप्त मुख्य आरक्षियों को रिक्ति के सापेक्ष समायोजित/स्थानान्तरित किये जाने का आदेश पृथक से जारी किया जायेगा।

**संलग्नक:घोषणा-पत्र**

( डा0 प्रीतिन्दर सिंह )
पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी,
उ0प्र0 लखनऊ।

**प्रतिलिपि** निम्नलिखित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1— पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ/गौतमबुद्धनगर/कानपुर।
2— अपर पुलिस महानिदेशक, "स्थापना" उत्तर प्रदेश ।
3— समस्त अपर पुलिस महानिदेशक जोन उत्तर प्रदेश ।
4— समस्त पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, परिक्षेत्र उ0प्र0 लखनऊ ।
5— समस्त पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी जोन उत्तर प्रदेश ।
6— समस्त पुलिस उप महानिरीक्षक, पीएसी अनुभाग उत्तर प्रदेश ।
7— सेनानायक, 04वीं/08वीं/12वीं/20वीं/26वीं वाहिनी पीएसी उ0प्र0।
8— वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक जनपद श्रावस्ती/सीतापुर/शाहजहॉपुर/बस्ती/मुजफ्फरनगर/बहराइच/फिरोजाबाद/महराजगंज/संतकबीर नगर/अयोध्या।
9— पुलिस अधीक्षक, पी0टी0एस0 सुल्तानपुर।